Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7693	25.08.2023	25.08.2023	Dhanbad Jharkhand	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/jharkhand/dhanbad/story-three-people-of-tilaiya-panchayat-died-of-diarrhea-dc-reached-the-village-8620419.html
Title:	**Three people of tilaiya panchayat died of diarrhea in Dhanbad, Jharkhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Dhanbad, SSU- Jharkhand			

गोविंदपुर अंचल की तिलैया पंचायत के दो गावों में डायरिया के तीन लोगों की मौत की सूचना पर डीसी अधिकारियों के साथ गांव पहुंचे। वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र के बंद रहने तथा वहां एक भी एएनएम की तैनाती नहीं रहने पर डीसी ने नाराजगी जताई। डीसी ने सिविल सर्जन को मौके से ही फोन कर गांव पहुंचने का निर्देश दिया। गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक करने का निर्देश दिया। डीसी के गांव पहुंचने की जानकारी पर सिविल सर्जन भागे-भागे तिलैया पहुंचे। डीसी ने मौके पर ही सिविल सर्जन से स्थिति के बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि तीन लोगों की डायरिया से मौत की सूचना के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई व्यवस्था नहीं करना घोर लापरवाही है। स्वास्थ्य केंद्र का बंद रहना गंभीर मामला है। डीसी ने सिविल सर्जन से पूरे मामले की रिपोर्ट देने को कहा। डीसी ने गांव में स्वास्थ्य शिवर लगाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।

धरमपुर तथा घोड़ाबांध में तीन की हुई है मौत

तिलैया पंचायत के धरमपुर तथा घोड़ाबांध में एक युवक सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। मामले की जानकारी मिलने पर डीसी ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया डायरिया से घोड़ाबांधा निवासी 60 वर्षीय सारोदी देवी, 50 वर्षीय हीरामुनी देवी एवं धरमपुर निवासी 15 वर्षीय राजेश हेम्ब्रम की मौत हुई है। धरमपुर गांव में लोबीन मुर्मू एवं घोड़ाबांधा गांव में सोनाली पीड़ित हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC